कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23.02.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

संकाय उन्नयन कार्यक्रम (चतुर्थ दिवस)

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में फैकल्टी डेव्लपमेंट प्रोग्राम का चतुर्थ दिवस प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। मुख्य वक्ता डॉ0 प्रमोद गुप्ता ने ‘शिक्षकों में लैंगिक संवेदनशीलता का दृष्टिकोण विकसित करना’ ‘जागरुकता से लेकर कार्यवाही तक’ विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों में लैंगिक संवेदनशीलता केवल कानूनी जानकारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह मानसिक परिवर्तन की प्रक्रिया है, जब शिक्षक स्वयं समानता और न्याय के मूल्यों को आत्मसात करते है तो छात्रों में भी यह दृष्टिकोण निर्माण होता है। द्वितीय वक्ता के रूप में डॉ0 टी0 एस0 संजयन ने ‘लैंगिक रूढ़िवादिता वाले समाज में महिला शिक्षकों को सशक्तिकरण केवल व्यक्तिगत उन्नति का प्रश्न नहीं है, यह सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला है। सशक्त महिला शिक्षक आने वाली पीढ़ियों में समानता, न्याय व संवेदनशीलता के मूल्य स्थापित करेंगे। अधिवक्ता सुश्री शमरीन सिद्‌दीकी ने ‘लैंगिक समानता के दूत के रूप में शिक्षकों को सशक्त बनाना कानूनी दृष्टिकोण विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार ने लैंगिक पहचानों को समान अधिकार, अवसर प्रदान करने के लिए विधि व्यवस्था द्वारा अनेक प्रावधान एवं कानून निर्माण किए है जो लैंगिक भेदभाव समाप्त कर समानता स्थापित करने में सहायता करते है, इसके अंतर्गत उन्होंने प्रमुख कानून और अधिनियमों की जानकारी दी जैसे कार्यस्थल पर सुरक्षा, बाल संरक्षण, घरेलू हिंसा से सुरक्षा, विशाखा वमाम राजस्थान राज्य आदि डॉ0 सुगम सामंत ने कार्यस्थल पर महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जब महिलाएँ मानसिक रूप से स्वस्थ और सुरक्षित महसूस करती है तो अपना काम आत्मविश्वास और दक्षता के साथ पूर्ण करती है, इसलिए प्रत्येक संस्थान को एक सकारात्मक वातावरण निर्माण करना चाहिए। नारी सशक्तिकरण पर कु0 पृथ्वी, आर्या अवस्थी ने काव्यपाठ किया तथा कु0 चंचल यादव ने कुशल निर्देशन में साथियों के साथ मिलकर लैंगिक समानता पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक ठाकुर ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ0 श्वेता गायकवाड़ ने किया।

टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

संकाय उन्नयन कार्यक्रम (चतुर्थ दिवस)